Regarding priority to water Metro project to improve connectivity

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर **(मुम्बई उत्तर-पश्चिम) :** सभापति महोदया, मैं मुंबई महानगर क्षेत्र एमएमआर में वॉटर मेट्रो परियोजना के संबंध में अपनी बात रखना चाहता हूँ । एक्चुअली मुंबई में जो एसआरए बढ़ रहा है, जो डेवल्पमेंट हो रहा है, उसकी वजह से यातायात के लिए रास्ते नहीं हैं, कनेक्टिविटी नहीं है । इसलिए मेरी मांग है कि प्राथमिक अध्ययन में वसई, मीरा रोड, भायंदर, बोरीवली, वरसोवा, वांद्रे, नरिमन पॉइंट, वाशी, बेलापुर और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, एनएमआईए तक वॉटर मेट्रो का रूट प्रस्तावित है । इससे मार्ग परिवर्तन से दक्षिण मुंबई और नवी मुंबई के छोर पर भीड़भाड़ कम होगा ।

मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि मुंबई और एमएमआर के लिए नहर, बैकवॉटर और समुद्री मार्गों का उपयोग कर के तत्काल वॉटर मेट्रो परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि यह रेल और सड़क परिवहन के साथ जुड़ कर भविष्य की आवागमन आवश्यकता को पूरा कर सके । साथ ही, सस्ती कनेक्टिविटी प्रदान करे । यही मेरी मांग है ।